# IMPORTANT AWARDS AND RECOGNITIONS

**Presented with "SCOPE (Standing Conference of Public Enterprises) Meritorious Award for CSR 2010-11"**



**MOP felicitated THDC for timely completion of toilet construction work under "Swach Vidyalaya Abhiyan".**



# “Universal Excellence Award” by Aqua Foundation in Dec,2013.



**THDCIL along with Tehri District Admin has been conferred with E-Governance Award by Deptt. of Administrative Reform and Public Grievance under Ministry of Public Grievance and Pension, GoI. in March, 2019.**





# CSR Community Initiative Award 2019 on 1st April, 2019






**CSR HEALTH IMPACT AWARD-2019 by IHW Council under Category "Rural Health Initiative"**

elets
Governance & PSU Summit
CONFERENCE | EXPO | AWARDS
20th JUNE 2019, PUNE






National CSR Leadership Award-2019 by ZEE Business under Category “Concern for Health”




CSR Times Award -2019 by National CSR Summit under Category “Rural Development and Infrastructure”

# FEEDBACK AND LETTERS OF APPRECIATION FROM PUBLIC REPRESENTATIVES AND BUREAUCRATS

त्रिवेन्द्र सिंह रावत

मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सचिवालय,
देहरादून-248001
फोन : 0135-2755177 (का.)
0135-2650433
फैक्स : 0135-2712827

पत्र सं० 53 /मु०मं०आ०/2019
दिनांक : 18, जुलाई: 2019

प्रिय, डी०वी० सिंह जी,

टीएचडीसी इण्डिया लि० द्वारा उत्तराखण्ड के जनपद टिहरी, देहरादून, हरिद्वार, उत्तरकाशी के साथ-साथ सभी जनपदों में सी०एस०आर० मद से सामाजिक उत्थान के कार्य समय-समय पर कराये गये हैं। मुझे आशा है कि टीएचडीसी इण्डिया लि० भविष्य में भी राज्य सरकार की आवश्यकतानुसार सी०एस०आर० मद से राज्य में सामाजिक उत्थान के कार्यों में सहयोग प्रदान करती रहेगी।

मैं टीएचडीसी द्वारा कराये गये उक्त कार्यों की सराहना करता हूँ और कम्पनी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।

भवदीय,

(त्रिवेंद्र सिंह रावत)

श्री डी०वी० सिंह,
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक,
टीएचडीसी इण्डिया लि०,
ऋषिकेश।

अरविन्द पाण्डेय
मंत्री
विद्यालयी शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा,
संस्कृत शिक्षा, खेल युवा कल्याण
एवं पंचायती राज

उत्तराखण्ड शासन

विधान भवन
देहरादून-248001
दूरभाष : 0135-2665080 (का.)
फैक्स : 0135-2665121

श्री डी0वी0 सिंह,
प्रबन्ध निदेशक,
टीएचडीसीआईएल,
ऋषिकेश, देहरादून।

टीएचडीसीआईएल द्वारा विगत कई वर्षों से सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत अत्यन्त दूरस्थ क्षेत्रों में विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कियान्वयन करते हुए देश एवं प्रदेश हित में महत्वपूर्ण योगदान किया जा रहा है।

इसी कम में टीएचडीसीआईएल द्वारा उत्तराखण्ड राज्य की 63वीं राष्ट्रीय विद्यालयी बॉक्सिंग प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु उच्चतम स्तर का सहयोग प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष 2017—18 में टिहरी गढ़वाल के दूरस्थ 156 विद्यालयों में 1.00 करोड़ का फर्नीचर एवं 60 कम्प्यूटर तथा विद्यालयों में शुद्ध पेयजल हेतु 15 वाटर कूलर, आर0ओ0 सहित उपलब्ध कराकर यथासमय छात्रहित एवं जनहित में सहयोग प्रदान किया गया।

प्रदेश के छात्रहित एवं जनहित में टीएचडीसी द्वारा किये जा रहे अभूतपूर्व कार्यों हेतु मैं अपनी शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।

धन्यवाद।

(अरविन्द पाण्डेय)

सीमा बहुगुणा, भा. प्र. से.
सचिव
SEEMA BAHUGUNA, IAS
SECRETARY

भारत सरकार
लोक उद्यम विभाग
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय
Government of India
Department of Public Enterprises
Ministry of Heavy Industries & Public Enterprises

D.O. No. 1(5)/2019-coord.
Dated 13th August, 2019

Dear Chief Executive,

As you are aware Swachh Bharat Mission has been launched by the Government to achieve total sanitation and cleanliness in the country by 2nd October, 2019. SwachhtaPakhwada has been successfully observed for four consecutive years towards the realization of the Hon'ble Prime Minister vision of Swachh Bharat. Swachhta Pakhwada is an initiative of the Hon'ble Prime Minister started with a vision to mainstream Swachhta across all Ministries/Departments, CPSEs and other Organisations in the country. From time to time, Hon'ble Prime Minister has urged Govt. agencies to further intensify the Swachhta Pakhwada programme so as to mobilise people's participation to make this programme a great success.

2. As per the calendar of Swachhta Pakhwada prepared by the Government, Department of Public Enterprises will be observing Swachhta Pakhwada during 16th August-31st August, 2019. All CPSEs are requested to initiate the activities listed in the Annexure-1 in their respective organisations and their field units during this Pakhwada.

3. CPSEs with multiple units and Pan India presence may organize competition among their different units based on the activities listed in Annexure-1. Similarly, other CPSEs having only one office may also organize such competition within different branches/wings of their organization. All CPSEs are requested to participate in the Swachhta Pakhwada from 16th to 31st August, 2019 and furnish activity wise information along with photographs/ videos etc. at email (pksharma.ship@nic.in) latest by 30.09.2019.

With best wishes,

Yours sincerely,

(Seema Bahuguna)

डॉ॰ मधुकर गुप्ता
अपर सचिव
Dr. MADHUKAR GUPTA
ADDITIONAL SECRETARY

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
लोक उद्यम विभाग
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय
Government of India
Department of Public Enterprises
Ministry of Heavy Industries & Public Enterprises

Dear Shri Singh

D.O./GoI/DPE/AS/30
Date 18 06.2019

The primary objective of CSR provisions in Companies Act, 2013 is to ameliorate the conditions of marginalized communities and also, to bring them into the mainstream of development leveraging profit making organizations. CPSU's are performing CSR activities as per government expectations while playing a significant role in pushing Govt. flagship projects for the weaker sections of society.

It is a delight to know that THDCIL has taken the lead in becoming the 1st CPSU to celebrate the CSR Day on 09.05.2019 as per GoI directives. On the CSR day on 9th May at Rishikesh you have mentioned that Rs. 115 Cr had been spent in the main functional area of Tehri District to give back to the community which gave its lands / houses etc. for construction of Tehri/Koteshwar hydroelectric projects from Rs. 158 Crores spent after the implementation of the Act.

It further heartening to further note that THDC in dovetailing its CSR resources with State Government/ Central Government. Departments to scale up social benefits to the society in an around Tehri through schools for needy children, convergence projects in livelihoods, telemedicine, health care and farming machine banks.

THDC has also pioneered a book on its 10-year CSR journey which reflects its commitment to nation building through their core business, and also, by way of CSR. This publication is not merely a record of its achievements, but an authentic document of tested CSR practices providing choices to other CPSEs to replicate best practices.

I would like to congratulate you, THDCIL and all the staff involved in CSR works and wish them to take this legacy forward with continued zeal and enthusiasm.

With regards

18/6/19
(Madhukar Gupta)

**To**

**Sh. D.V. Singh**
**CMD, THDCIL, Ganga Bhawan,**
**Corporate Office, Rishikesh (UK)**

CC:

Secretary, Power (MOP), Shram Shakti Bhawan, New Delhi-110003

लोक उद्योग भवन, ब्लॉक 14, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
Public Enterprises Bhavan, Block 14, CGO Complex, Lodi Road, New Delhi-110003
Tel.: 011-24360204 Fax: 011-24363411 E-mail: guptam5@ias.nic.in, gupta_madhukar@hotmail.com
Website: www.dpe.gov.in

ANIRUDDHA KUMAR
संयुक्त सचिव
JOINT SECRETARY
Telefax :011-23714842

D.O No. 19-4/1/2019-...
भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
विद्युत मंत्रालय
MINISTRY OF POWER
श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग
SHRAM SHAKTI BHAWAN, RAFI MARG
नई दिल्ली - 110001
NEW DELHI - 110001

4th June, 2019

Dear Mr Singh,

Kindly refer to letter No. 1324-CMD Sectt. dated 14th May, 2019. Mr. H.L. Bharaj, Executive Director, THDCIL has also briefed me about the initiatives taken by THDCIL to improve the life of the people through CSR works. The initiatives taken by THDCIL are really very commendable and it would help in creating a positive environment for development of Hydro power in State of Uttarakhand.

2. I compliment you for taking such wonderful initiatives. We shall continue to share ideas in this area in our endeavour to improve the life of people and promote the development of hydro power sector in the country.

With warm regards.

Yours sincerely,

( Aniruddha Kumar )

**Shri D.V. Singh,**
Chairman & Managing Director,
THDC India Limited,
Ganga Bhawan,
Pragatipuram Bypass Road,
Rishikesh-249201 (UK)

सोनिका
आइ.ए.एस.
जिलाधिकारी
टिहरी गढ़वाल

डायरी सं.......
दिनांक 06.06.18

उत्तराखण्ड शासन

फोन : 01376–232092 (का.)
: 01376–232040 (नि.)
फैक्स : 01376–232233 (का.)
: 01376–232354 (नि.)
ई–मेल : dm-teh-ua@nic.in
: dmtehri@gmail.com

अर्द्ध शा.प.सं. : 1771/CRO-DM
दिनांक : 29/05/2018.

आदरणीय महोदय,

आपके द्वारा टी0एच0डी0सी0 के सी0एस0आर0 मद से जिला प्रशासन टिहरी गढ़वाल को निम्न कार्यो हेतु सहयोग प्रदान किया गया है।

1– टिहरी बांध प्रभावि क्षेत्रों/जिला टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत 20 स्वास्थ्य उप केन्द्रों पर टेलीमेडिशन सुविधा हेतु सहयोग (कार्य की लागत 27 लाख रू0)।

2– टिहरी जिले में 555 स्वास्थ्य सलाह सेवा हेतु सहयोग हेतु (कार्य की लागत 4.5 लाख)।

3– दिव्यांगों हेतु सहायता (कार्य की लागत 11 लाख रू0)।

4– बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओं रैली हेतु सहयोग (कार्य की लागत 4.5 लाख रू0)।

5– कुपोषित बच्चों के पोषण हेतु सहयोग (कार्य की लागत 1.2 लाख रू0)।

6– नवोदय विद्यालय में स्वच्छ जलापूर्ति हेतु आर0ओ0 उपलब्ध कराय गये (कार्य की लागत 0.18 लाख रू0)।

7– टिहरी झील महोत्सव–2018 हेतु सहयोग (3 लाख रू0)।

पत्र प्राप्ति सं. ...... दिनांक 07/06/2018

जिला प्रशासन उक्त सहयोग के लिए सामाजिक एवं पर्यावरण विभाग ऋषिकेश तथा सी0एस0आर इकाई टिहरी का आभार प्रकट करता है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सहयोग की अपेक्षा रखता है।

सादर,

(सोनिका)

**मंगेश घिल्डियाल,** आई०ए०एस०
जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर
रूद्रप्रयाग(उत्तराखण्ड)

उत्तराखण्ड शासन

01364 { 233300 (कार्यालय)
233380 (फैक्स)
233376 (आवास)
email:dmrudraprayag@gmail.com

अ०शा० पत्रांक ......................
दिनांक ........08/03/2019......

## प्रशस्ति पत्र

उप शिक्षा अधिकारी ऊखीमठ, जनपद रूद्रप्रयाग के अनुरोध पर आपके द्वारा प्रारम्भिक शिक्षा के अधीन शिक्षा सत्र 2018–19 में कक्षा–1 से 5 तक संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं हेतु 1125 स्वेटर व 1125 टोपी निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी, जिसका वितरण विद्यालयों के अर्ह छात्र–छात्राओं को किया गया।

मैं, टी0एच0डी0सी0 (सेवा) प्रगति पुरम, ऋषिकेश के इस सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित करता हूं, तथा भविष्य में इसी प्रकार मानवीकृत्यों के अमूल्य सहयोग हेतु आशा करता हूं।

(मंगेश घिल्डियाल)

निदेशक एवं प्रबन्धक,
टी0एच0डी0सी0 (सेवा)
प्रगति पुरम ऋषिकेश।

**शक्तिलाल शाह**
**विधायक**
**विधानसभा क्षेत्र घनसाली**
**टिहरी गढ़वाल**

सदस्य
उत्तराखण्ड विधानसभा

पत्र व्यवहार : (विधानसभा) 46–ट्रांजिट हॉस्टल
रेसकोर्स, देहरादून
स्थायी निवास : हुलानाखाल
ग्राम पंचायत–चांजी मल्ली
पो0–चांजी हिन्दाव,
टिहरी गढ़वाल–249155
G-mail : shaktilalshah1030@gmail.com
Mob. : 9639943831, 9411330427

पत्रांक मेमो/.......... दिनांक 28-01-2019

आदरणीय सिंह साहब,

सेवा टी0एच0डी0सी0 द्वारा अपने सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत मेरी विधानसभा क्षेत्र घनसाली में विभिन्न योजनाओं जिसमें मुख्यतः शौचालयों का निर्माण, चिकित्सा कैम्पों का आयोजन, सामुदायिक भवनों का निर्माण, विभिन्न विद्यालयों हेतु फर्नीचर, कम्प्यूटर एवं आर0ओ0 इत्यादि के वितरण हेतु सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त **"टेलीमेडिसन स्वास्थ्य सलाह सेवा"** जैसी अनूठी अभिनव पहल से भी मेरी विधानसभा के 07 से अधिक स्वास्थ्य उपकेन्द्रों से लगभग 35 से अधिक गांव लाभान्वित हो रहे हैं। स्वास्थ्य से सम्बन्धित इस योजना को माननीय प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तराखण्ड सरकार द्वारा भी सराहा गया है। टेलीमेडिसन सेवा प्रदान करने वाला टिहरी जनपद देश का प्रथम जनपद बन गया है। इसके लिए टी0एच0डी0सी0 प्रबन्धन बधाई की पात्र है तथा मैं इस सहयोग के लिए टी0एच0डी0सी0 प्रबन्धन का हार्दिक धन्यवाद प्रदान करता हूँ तथा भविष्य में भी इस प्रकार के सहयोग की अपेक्षा करता हूँ।

**प्रेषित,**

**अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक,**
**टी0एच0डी0सी0 इण्डिया लिमिटेड**
**प्रगति पुरम, ऋषिकेश।**

28/01/019
**(शक्ति लाल शाह)**

प्रतिलिपि – मा0 उर्जा मंत्री जी भारत सरकार नई दिल्ली की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

धन सिंह नेगी
विधायक
टिहरी
टिहरी गढ़वाल

सदस्य
उत्तराखण्ड विधानसभा

पत्र व्यवहार (विधानसभा) : ए-35, ट्रांजिट हॉस्टल रेसकोर्स, देहरादून
स्थायी निवास : ग्राम-पालकोट, पो0-अंजनीसैंण, टिहरी गढ़वाल-249121
निवास मुख्यालय : सी-4/1, टाईप-II मोलधार नई टिहरी (टिहरी गढ़वाल)
G-mail : dsnegi.ntt@gmail.com
Mob. : 7579099063, 9412312386

पत्रांक 800/V.I-I/2019

दिनांक 2-3-2019

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक,
टी०एच०डी०सी० प्रगतिपुरम,
ऋषिकेश

विषयः- THDC (सेवा) द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत किये जा रहे कार्यो के संदर्भ

टी०एच०डी०सी० सेवा द्वारा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में टेली-मेडिसियन सेवा कार्य को सहयोग किया जा रहा है उक्त सेवा के तहत ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ देने में सरकार द्वारा संचालित उक्त योजना में वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया है जो कि प्रशंसनीय है।

इसके साथ-साथ समय-समय पर पेयजल की आपूर्ति हेतु हैण्डपम्प निर्माण भारत सरकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा के तहत शौचालय निर्माण नगर क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण हेतु हाईड्रोलिक वाहन के लिए भी वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया है।

उपरोक्त के साथ मैं अपेक्षा करता हूं कि भविष्य में THDC ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल, स्वास्थ्य, स्वच्छता कार्यक्रम के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने लिए प्रस्तावित कार्य योजनाओं में सहयोग प्रदान करेगा।

मैं THDC सेवा द्वारा सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों में वित्तीय सहयोग प्रदान करने पर धन्यवाद देता हूँ साथ ही यह अपेक्षा करता हूँ कि भविष्य में टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के संचालन के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप विधायिका द्वारा प्रस्तावित/संस्तुत किये जाने वाले कार्यो के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान करेगें।

अन्त मैं उपरोक्त कार्यों के संचालन व भविष्य की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

शुभकामनाओं सहित

(धन सिंह नेगी)

विजय सिंह पंवार
विधायक
प्रताप नगर, टिहरी गढ़वाल
उत्तराखण्ड सरकार

उत्तराखण्ड शासन

मो.: 9412026384
कार्या.: 7579099062
कार्या.: कक्ष सं. 3,
विधायक हॉस्टल,
रेसकोर्स, देहरादून

पत्रांक 1087/10/2019

दिनांक 04-02-2019

सेवा में,

मा. मुख्यमंत्री जी,

उत्तराखण्ड सरकार।

महोदय,

मेरी विधानसभा क्षेत्र प्रतापनगर में टी.एच.डी.सी. लि. द्वारा विश्व का उच्चतम बांध का निर्माण कराया गया है जिससे भारत के उत्तरी क्षेत्र के छः से अधिक राज्यों को इस विद्युत परियोजना से लाभ मिल रहा है, इसमें १२ प्रतिशत रॉयल्टी उत्तराखण्ड राज्य को मिलने के साथ-साथ बाढ़ नियंत्रण तथा प्रदेश की पन विद्युत घरों को भी लाभ प्राप्त हुआ है, वर्तमान में टिहरी बांध परियोजना से १००० मेघावाट तथा कोटेश्वर बांध से ४०० मेघावाट विद्युत उत्पादन किया जा रहा है तथा १००० मेघावाट पीएसपी प्रोजेक्ट का कार्य भी सन्तोषजनक ढंग से संपादित कराया जा रहा है, टिहरी बांध परियोजना से परोक्ष एवं अपरोक्ष रूप से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं इसके लिए टी.एच.डी.सी. बधाई के पात्र हैं।

इसके अलावा टी.एच.डी.सी द्वारा अपने सामाजिक दायित्व के अर्न्तगत भी मेरी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न आजीविका संवर्धन कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिसमें मुख्य रूप से बेमौसमी सब्जी उत्पादन मशरूम उत्पादन एवं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कृषि एवं बागवानी पर आधारित कार्यक्रम पौली हाउस का निर्माण इत्यादि शामिल है, इसके अलावा प्रतापनगर की महिलाओं के कल्याण और आत्मनिर्भर बनाने हेतु दीपामाई महिला क्रेडिट कोपरेटिव सोसाईटी का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से महिलाओं को सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध करा कर गाय, भैंस, कृषि कार्यों की सामग्री एवं बीज इत्यादि क्रय कर स्व-रोजगार प्राप्त करने में सहायता प्राप्त हुयी। कोपरेटिव सोसाईटी के सुचारू रूप से संचालन के लिए सेवा टी.एच.डी.सी के माध्यम से १० लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है।

राजकीय प्राथमिक विद्यालयों को जहां उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से टी.एच.डी.सी द्वारा गुणवत्तापूर्ण (Elite Class) कोचिंग की व्यवस्था की गयी है, वहीं विद्यालयों में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए शौचालयों का निर्माण, डिजिटल कार्यक्रम के तहत विद्यालयों में कम्प्यूटरों का वितरण, आर-ओ/फिल्टर के साथ-साथ राजकीय विद्यालयों को फर्नीचर उपलब्ध करवाये जा चुके हैं, महिला सशक्तिकरण के तहत युवतियों को एएनएम कोर्स, सिलाई प्रशिक्षण, कम्प्यूटर प्रशिक्षण तथा युवकों को भी आई.टी.आई. होटल मैनेजमेंट कोर्स कराया जा रहा है।

विजय सिंह पंवार
विधायक
प्रताप नगर, टिहरी गढ़वाल
उत्तराखण्ड सरकार

उत्तराखण्ड शासन

मो.: 9412026384
कार्या.: 7579099062
कार्या.: कक्ष सं. 3,
विधायक हॉस्टल,
रेसकोर्स, देहरादून

पत्रांक 1087/10/2019 दिनांक 04-02-2019

भारत सरकार के स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद टिहरी के राजकीय विद्यालयों में १२०० से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है जिसमें गरीब एवं कमजोर वर्गों का विशेष ध्यान रखकर ग्रामीण क्षेत्र के गांवों को खुले में शौचमुक्त करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

क्षेत्र की विषम परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में टी.एच.डी.सी द्वारा सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं, क्षेत्र के दूरस्थ गांव दीनगांव में एलोपैथी डिस्पेन्सरी खोली गयी है जिससे ५० से अधिक ग्रामीणों को प्रतिदिन लाभ प्राप्त हो रहा है, इसके अलावा निःशुल्क लैब की जांच, ईसीजी, एक्सरे और दवाईयों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में १० से अधिक सामान्य चिकित्सा शिविर टी.एच.डी.सी. चिकित्सकों एवं एम्स ऋषिकेश के माध्यम से आयोजित किये जा रहे हैं तथा निर्मल आई अस्पताल ऋषिकेश के माध्यम से नेत्र चिकित्सा कैम्प के साथ-साथ निशुल्क (Cataract) मोतियाबिन्द के आपरेशन की भी व्यवस्था की गयी है।

जिला प्रशासन के अनुरोध पर २० दूरस्थ केन्द्रों पर टेलीमेडिसन की सुविधा भी पीएचसी केन्द्रों पर उपलब्ध कराई गयी है जिसमें लगभग ५१.०० लाख रूपये की आर्थिक सहायता टी.एच.डी.सी. द्वारा की गयी है, इस योजना के माध्यम से जिला चिकित्सालय से (Vedio Call) के माध्यम से प्रतिदिन २० से २५ लाभार्थी उपचार प्राप्त कर रहे हैं, इस योजना की सफलता को देखते हुए टी.एच.डी.सी. टेलिमेडिसन की सुविधा को २० अन्य दूरस्थ क्षेत्र में विस्तार की योजना बना रही है।

आदरणीय मुख्यमंत्री जी उक्त सहयोग के लिए टी.एच.डी.सी. प्रबन्धन बधाई के पात्र हैं तथा मैं आपसे सआग्रह अनुरोध करता हूं कि आप उत्तराखण्ड की अन्य विद्युत परियोजनाओं को टी.एच.डी.सी. के माध्यम से संपादित करने हेतु ऊर्जा मत्रांलय भारत सरकार को अपनी संस्तुति प्रेषित करेगें, जिससे और अधिक स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान हो सके।

भवदीय

(विजय सिंह पंवार)

प्रतिलिपि - १. मा. ऊर्जा मंत्री जी भारत सरकार, नई दिल्ली।
२. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, टी.एच.डी.सी. आई.एल. ऋषिकेश।

(विजय सिंह पंवार)